सार-समाचार

## विधायक डॉ. गर्ग तीन दिवसीय दौरे पर आए भरतपुर

**भरतपुर** (निस)। पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने रविवार को भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के नगला माना की प्रस्तावित सड़क का निरीक्षण किया और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को शीघ्र ही प्रस्तावित सडक पर पत्थरगढ़ी कराकर निर्माण कराने के निर्देश दिए। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने दौरे के पहले दिन शहर के धाऊ पायसा, तिलक नगर, इकरन, बाघई, नगला माना सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों के दुख दर्द में शामिल होकर संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने नगला माना में पिछले दिनों शोर्ट सर्किट से कमरे में आग लग जाने से झुलसे दम्पत्ति की घटना में हुई मृत्यु के बारे में जानकारी ली और शोक संवेदना व्यक्त कर हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके अलावा नगला माना की प्रस्तावित सड़क का भी उन्होंने अवलोकन किया और पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन से शीघ्र ही पत्थरगढ़ी कराकर सड़क बनवाने के निर्देश दिए द्य दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास को लेकर लोगों से चर्चा कर शेष रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का विश्वास दिलाया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना और समस्याओं का समाधान कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डॉ. गर्ग ने वैवाहिक कार्यक्रमों में भी शिरकत कर शुभकामनाएं दीं।

## भरतपुर में भगवान परशुराम शोभायात्रा की तैयारी

**भरतपुर** (निस)। श्री ब्राहमण धर्मशाला खिरनी घाट भरतपुर पर डॉ. लोकेश शर्मा की अध्यक्षता में भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा निकाले जाने हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा निकलनी चाहिये जिसके लिये आगामी मीटिंग 15 मई 2026 को श्री ब्राहमण धर्मशाला खिरनी घाट पर सांय 4 बजे रखी गई है। इस मौके पर डोरीलाल शर्मा जिलाध्यक्ष पेंशनर समाज, योगेश शर्मा लाला चेयरमैन अरवन कोपरेटिव बैंक, गंगाराम पाराशर, कौशलेश शर्मा, श्याम सुन्दर कटारा, युवा वर्ग से आलोक शर्मा, राहुल शर्मा, डॉ. गिरीश कुमार शर्मा, ब्रजभूषण पाराशर, ताराचंद शर्मा, नेमीचंद शर्मा, महावीर खोंकर, ऋषिपाल तिवारी, बवीता शर्मा, ईश्वरी प्रसाद, अशोक शर्मा, रामेश्वर दयाल, गिरधारी तिवारी, कमलनयन शर्मा, नवल किशोर पाराशर, अजीत लवानियां, अनिल शर्मा, भूदत्त शर्मा सिकरोरी, पुष्पेन्द्र लवानियां आदि उपस्थित थे। संचालन कौशलेश शर्मा ने किया।

## खेमचंद कोली, सर्वसम्मति से कोली समाज के प्रदेश प्रतिनिधि निर्वाचित

**डीग भरतपुर** (निस)। डीग जिले के कोली समाज की बैठक रविवार को शहर की कोली धर्मशाला पर पातरिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष मदन मोहन की मौजूदगी में कोली समाज की जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से भाजपा के सांसद प्रत्याशी रहे खेम चंद कोली को प्रदेश प्रतिनिधि चुना गया। अन्य पदाधिकारीयो में युवा अध्यक्ष हरीश माहौर , कोषाध्यक्ष नेमीचंद कोली ,महासचिव बाबूलाल एवं रामस्वरूप, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश नाहरोली , संरक्षक पातरिया ,रूपचंद , भगवान सिंह सुक्काराम, तेजाराम , उपाध्यक्ष खेमचंद नगर, अमरसिंह , हरिश्चंद , नारायण सिंह , लालाराम तथा मनसुख , रवि , जगदीश , दयाल सिंह को जिला सदस्य कार्यकारिणी चुना गया। बैठक में कोली समाज के सभी बच्चों शिक्षित करने और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## 2000 लोगों की निःशुल्क आंखों की जांच

**करौली** । ` बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्योर इंडिया ट्रस्ट द्वारा करौली जिले में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं चश्मा वितरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 2 मई से 11 मई तक आयोजित किया जा रहा है, ।

# बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए गए पानी के परिंडे

■ पुण्य कार्य का शुभारंभ श्री बांके बिहारी जी मन्दिर, किला भरतपुर से सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. संगीता चतुर्वेदी के नेतृत्व में हुआ

**भरतपुर** (निस)। हरित बृज सोसायटी द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाए गए। इस पुण्य कार्य का शुभारंभ श्री बांके बिहारी जी मन्दिर, किला भरतपुर से सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. संगीता चतुर्वेदी के नेतृत्व में किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि सोसायटी द्वारा प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए जाते हैं, जिससे उन्हें भीषण गर्मी में राहत मिल सके। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस अभियान की शुरुआत आराध्यदेव बांके बिहारी जी मंदिर से की गई। महासचिव सतेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सोसायटी अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए निरंतर बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए पानी की टंकियां, परिंडे, अनाज पात्र एवं चिड़ियों के घोंसले लगाने के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसके पश्चात सोसायटी सदस्यों द्वारा अनाह गेट मोक्षधाम परिसर में अपने-अपने घरों से लाए गए विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों का रोपण किया गया तथा पक्षियों के लिए परिंडे भी लगाए गए। संयोजक अशोक गुप्ता और सहसंयोजक जगदीश शर्मा ने मोक्षधाम के विकास हेतु किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही राजकीय विधि महाविद्यालय परिसर में भी गौरव शर्मा के नेतृत्व में खाली परिंडों की साफ सफाई कर पानी भरने का कार्य किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के सदस्य डॉ. सतीश लवानिया, डॉ. रमाकांत चतुर्वेदी, श्रीभगवान शर्मा, धीरेन्द्र सिंह, हिमांशु सारस्वत, दीपक शर्मा, अरुण जैन, तुलसीराम शर्मा, संदीप शर्मा, दिलीप गुप्ता, मदनमोहन, रवीन्द्र ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। हरित बृज सोसायटी का यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## केक काटकर दी शुभकामनाएं

**भरतपुर** (निस)। अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए देशभर में मशहूर,प्रदेश के तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री, अशोक गहलोत साहब का जन्मदिन भरतपुर शहर कांठोस अध्यक्ष डॉ दयाचंद पचौरी के नेतृत्व में शहर कार्यालय गोवर्धन मार्केट में केक काटकर मनाया। डॉ दयाचंद पचौरी ने अपने भाषण में कहा कि गहलोत ने अपनी सरकार में राजस्थान को अपनी योजनाओं के द्वारा देश के मुख्य पटल पर दिखाए और गिर्राज महाराज जी से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करता हु। कार्यक्रम में मनोज शर्मा, दिगंबर सिंह खटाना, डॉ लोकपाल सिंह, शहिद खान, चंद्रकांत शर्मा, सुनील पदयात्री,अभिषेक तिवारी, नरेश लवानिया, बशीर खान, मनीष भांडोंर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेश लवानिया ने किया।

## योग शिविर का प्रतिनिधिमंडल का चयन

**भरतपुर** (निस)। भारत स्वाभिमान पतंजलि परिवार भरतपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक भगत सिंह मॉडर्न माध्यमिक विद्यालय 94 राजेंद्र नगर भरतपुर में राज्य कार्यकारिणी सदस्य वीरी सिंह कुंतल के नेतृत्व में रविवार को आयोजित की गई विधि पूर्वक वैदिक प्रार्थना के साथ प्रारंभ की गई मुख्य संयोजक कुंतल ने बताया कि वर्चुअल मीटिंग एवं हरिद्वार मुख्यालय के निर्देश अनुसार पतंजलि योगपीठ हरिद्वार मुख्यालय से मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव के राजस्थान प्रवास 24 से 26 मई कोटा में आयोजित विशेष योग शिविर एवं राजस्थान कार्यकर्ता सम्मेलन में भरतपुर से 14 सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल वीरी सिंह कुंतल मुख्य संयोजक के नेतृत्व में भाग लेने हेतु चयन करने, शिवदत्त को संगठन सचिव नियुक्त करने, कोटा में पावर प्रजेंटेशन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तैयारी करने, प्रत्येक तहसील से एक सक्रिय प्रभारी का चयन करने एवं तहसील रूपबास, रुदावल, बयाना, भुसावर तथा उच्चौन में 9 तथा 10 मई को प्रवास करने तथा योग क्लासों में वृद्धि करने योग क्लासों का निरीक्षण करने 5 से 7 दिवसीय विशेष योग शिविरों का आयोजन का सर्वसम्मत निर्णय लिया ।

## नवीन कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह

**भरतपुर** (निस)। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा भरतपुर की वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह भरतपुर में विक्रान्त खण्डेलवाल क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र भारत विकास परिषद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि आदित्य भारद्वाज प्रान्तीय संगठन सचिव राजस्थान पूर्व प्रान्त थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा भारत माता एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर हुआ। कु. वैष्णवी एवं प्रज्ञा द्वारा वन्दे मातरम् गाया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्य कृष्ण कुमार अठावाल द्वारा एवं आदित्य भारद्वाज का स्वागत पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. गिरधारीलाल अठावाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष विनय गर्ग सीए एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी उमेश मंगल द्वारा किया गया। वर्तमान अध्यक्ष मुनीष अठावाल द्वारा अतिथियों का स्वागत उदबोधन द्वारा किया गया। वर्ष 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन रवि जिंदल सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया। गत वर्ष 2025-26 का आय व्यय का विवरण के.के. अठावाल सीए वित्त सचिव द्वारा सदन के पटल पर रखा गया। उमेश सिंघल द्वारा नवीन एवं पुराने सदस्यों को शपथ ठाहण करवाई गई। कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ठाहण मुख्य अतिथि विक्रान्त खंडेलवाल द्वारा कराया गया। सहयोगी कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ आदित्य भारद्वाज द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में भारत विकास परिषद के संकल्प पत्र को अपने जीवन में अंगीगार कर लागू करने पर जोर दिया। आदित्य खण्डेलवाल द्वारा अपने उदबोधन में संस्कार एवं सम्पर्क विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इं. राजेन्द्र डंडौतिया प्रान्त व प्रेस समन्वयक द्वारा बताया गया कि नवीन कार्यकारिणी में डॉ. त्रिलोक गुप्ता शाखा संरक्षक, मुनीष अग्रवाल अध्यक्ष, भागचंद बंसल, भारत शर्मा उपाध्यक्ष, रवि कुमार जिंदल सचिव, के.के. अठावाल सीए कोषाध्यक्ष, रामावतार कोठारी शाखा संयोजक सम्पर्क, विनोद मंगल शाखा संयोजक सेवा, डॉ. लालाशंकर गयावाल शाखा संयोजक संस्कार, आशा अठावाल शाखा संयोजक महिला सहभागिता सहित अन्य सदस्यों को मनोनीत किया गया है। इसके अलावा परिषद के सम्पर्क बिन्दुओं के अनुसार सहायक कार्यकारिणी में भी प्रभारियों का मनोनयन किया गया

## सेठो की हवेली पुस्तक, अग्र वंशावली में शामिल

**भुसावर भरतपुर** (निस)। कस्बे के खिडकी मोहल्ला में स्थित सेठो की हवेली पर समाजसेवी अंशु मित्तल द्वारा लिखी गई पुस्तक को सिंगापुर से संचालित अठा वंशावली शोध परिषद की अठावाल वंशावली पुस्तकों की सूची में शामिल किया गया।

अग्रवाल समाज के राजेश गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय निवासी अंशु मित्तल की ओर से वर्ष 2021 में सेठो की हवेली-एक परिचयश्श् नामक पुस्तक का प्रथम संस्करण प्रकाशित किया गया, जिसमें सेठो की हवेली का परिचय देते हुए तिरखा परिवार की वंशावली का विवरण दिया गया। सिंगापुर से संचालित अठा वंशावली शोध परिषद के डा. हर्ष वर्धन गोयल ने बताया कि जो देश व समाज अपने इतिहास को विस्मृत कर देते हैं, वे अपनी जडों पर गर्व करना छोड़ देते हैं, उनका अस्तित्व समय के साथ नष्ट हो जाता है। अठा वंशावली शोध परिषद समाज को इतिहास और वंशावली सहेजने के लिए प्रेरित कर रहा है।

इसी कडी में अंशु मित्तल द्वारा लिखित श्सेठो की हवेलीश् नामक पुस्तक को अठावाल वंशावली पुस्तकों की सूची में सम्मिलित किया गया। यह पुस्तक भुसावर स्थित ऐतिहासिक सेठो की हवेली का अत्यंत भव्य और विस्तृत चित्रण प्रस्तुत करती है ।

सार-समाचार

## भाजपा दीनदयाल मंडल की बैठक संपन्न

**भरतपुर** (निस)। भाजपा दीनदयाल मंडल की महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय भरतपुर में संपन्न हुई। बैठक केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंद्रवीर जघीना ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेंद्र पचौरी एवं सोशल मीडिया सह संयोजक सौरभ शर्मा रहे। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई प्रत्येक जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। किसी भी दायित्व को छोटा न समझें तथा प्रत्येक बूथ एवं शक्ति केंद्र को मजबूत बनाएं, तभी मंडल सशक्त होगा। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का पार्टी पटका पहनाकर स्वागत किया गया तथा बीके मित्तल,नीतू सिंह, एव पवन भाटी को जिला संगठन प्रभारी नरेश बंसल ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री चंद्रशेखर कटारा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष चंद्रवीर जघीना ने दिया। बैठक में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष आरजू सोरोत, मंडल उपाध्यक्ष विष्णु, राहुल चौहान, राकेश सोगरवाल, सुरेंद्र सिंघल, सत्यवीर सिंह, हरेंद्र सिंह, जयप्रकाश शर्मा, देवेंद्र ताखा, शैलेंद्र ताखा, कन्हैया जादौ, अभय गुर्जर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसान की बेटी कमलेश गुर्जर के आर ए एस में चयन पर सम्मान

**करौली** । यहां के एक किसान बलवीर गुर्जर की पुत्री कमलेश गुर्जर का आरएएस में चयन होने पर यहां के श्रीजी मैरिज गार्डन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर सहित सर्व समाज की महिला और पुरुषों ने गुलदस्ता भेंट कर सोल उढाकर स्वागत सम्मान किया गया। किसान की बेटी कमलेश गुर्जर के आएएस में चयन होने पर आयोजित किए गए सम्मान समारोह में खास तौर से देखा गया कि गुर्जर समाज के अलावा सर्व समाज की महिलाओं ने पर चढ़कर भाग लेकर सम्मान किया इस मौके पर महिलाओं ने कहा कि यह सम्मान एकमात्र एक बेटी कमलेश गुर्जर का नहीं यह नारी का सम्मान है महिलाओं ने कहा कि बेटी एक परिवार को नहीं कई परिवारों का नाम रोशन करती है। इसी मौके पर क्षेत्रीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर बेटियों को शिक्षा में आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि जब हमारी बेटियां पढ़ लिखकर आगे बढ़ेंगे तो हम सब बढ़ेंगे इस मौके पर अठावाल समाज के पूर्व अध्यक्ष विशंभर दयाल गुप्ता पूर्व अध्यक्ष बृजलाल गुप्ता ब्राह्मण समाज के प्रमुख गोपाल लाल शर्मा सहित सहित सर्व समाज के महिला पुरुषों ने पुत्री के साथ पिता बलवीर सिंह गुर्जर का भी जोरदार स्वागत किया।

## गांव कबई में गिरे दो राष्ट्रीय पक्षी मोर

**नदबई** । उपखंड क्षेत्र के गांव कबई में रविवार को मानवता और जीव प्रेम की मिसाल देखने को मिली। गांव कबई में एक खुले सूखे कुएं में दो राष्ट्रीय पक्षी मोर गिर गए। कुआं सूखा होने के कारण दोनों मोर गंभीर हादसे से तो बच गए, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण बाहर नहीं निकल पा रहे थे। मोरों की आवाज सुनकर आसपास मौजूद ठाामीण मौके पर पहुंचे और कुएं में झांककर देखा तो अंदर दो मोर फड़फड़ाते दिखाई दिए। मोरों के कुएं में गिरने की सूचना गांव में तेजी से फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। ठाामीणों ने रस्सियों और अन्य संसाधनों की मदद से मोरों को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन कुएं की गहराई के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। ठाामीण लगातार मोरों को सुरक्षित बचाने के प्रयास में जुटे रहे ताकि किसी प्रकार से राष्ट्रीय पक्षी को नुकसान न पहुंचे । स्थिति गंभीर होती देख ठाामीणों ने गो सेवक दिलीप और चीनू को सूचना दी। सूचना मिलते ही गो सेवकों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने बिना समय गंवाए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रस्सियों की मदद से गो सेवक खुद कुएं में उतरे और सावधानीपूर्वक दोनों मोरों को पकड़ने का प्रयास किया। कुएं के अंदर अंधेरा और फिसलन होने के बावजूद टीम ने हिम्मत नहीं हारी। करीब आधे घंटे तक रेस्क्यू चला।

# निशुल्क शिक्षा बदले में एक पौधा लगाने की पहल की

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर शहर के कोरोना वॉरियर ऋषि ने शिक्षा के प्रसार व गरीब असहाय एवं जिन बच्चों की मां उन्हें खुद कमाकर पढ़ा रही है उनके बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए एक अभियान चलाया है। जिसमें यदि किसी भाई बहन के पास प्राइवेट ट्यूशन कोचिंग के लिए फीस न होने पर ऋषि उन्हें निशुल्क पढ़ा रहे हैं।ऋषि ने कहा फीस के बदले हर महीने एक पेड़ लगबा उसकी देखरेख करें और मैं उन्हें निशुल्क गणित एवं अंठोजी पढ़ाऊंगा। जैसा विदित है कि ऋषि समाजसेवी के साथ-साथ एक अंठोजी और गणित विषय के अध्यापक भी है। ऋषि और बॉक्सर रामू ने कहा हमारी इस निशुल्क शिक्षा एक पौधा पहल से असहाय गरीब तो पढ़ेंगे ही शिक्षित होंगे साथ ही प्रकृति के लिए भी एक योगदान होगा। जैसा आप देख पा रहे हैं वृक्षों के कटाव के कारण ही आज बारिश कम हो गई है एवं ग्लोबल तापमान बढ़ता जा रहा है। यदि वृक्षों का कटाव इसी तरह बढ़ता रहा तो कोरोना महामारी की तरह यह भी एक बड़ा संकट बनकर ऑक्सीजन की कमी आदि समस्या पैदा होगी। इसी को देखते हुए दोनों भाई ऋषि एवं रामू ने यह पहल शुरू की है। इस निशुल्क पल के तहत ऋषि एवं रामू अब तक लगभग 25 गरीब विद्यार्थियों को निशुल्क पढ़ा चुके हैं।अधिक पौधा लगाने से बारिश भी अधिक होगी एवं प्राकृतिक संतुलन बना रहेगा,इसलिए हम सब का दायित्व बनता है कि हमें अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने चाहिए। ऋषि ने कहा हमारी इस पहल से वह जो अपनी बेटियों को पैसे के अभाव से नहीं पढ़ाते हैं उन्हें भी पढ़ने का सहारा मिलेगा एवं बेटियों पड़ेंगी और एक बेहतर समाज का निर्माण करने में अपनी भागीदारी निभाएंगे।इस पौधारोपण के दौरान टीम के संयोजक कोरोना वॉरियर ऋषि,बॉक्सर रामू,खुशी जाटव,पूजा शर्मा,रोशनी,कृष्ण,मानवी शर्मा,कृपा राजपूत,पायल कुमारी आदि मौजूद रहे एवं पौधारोपण करने में सहयोग किया।

## साप्ताहिक कार्यक्रम

**भरतपुर** (निस)। महात्मा गांधी की विचारधारा और मूल्यों की राजनीति के प्रेरणा स्त्रोत राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जिला संयोजक उमेश देवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में एवं जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल के मुख्य आतिथ्य में काली की बगीची स्थित गौशाला में गौ माता को हरा चारा डालकर मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी सहयोगी पदाधिकारियो को संबोधित करते हुए जिला संयोजक उमेश देवेंद्र शर्मा ने कहा की राजस्थान के गांधी अशोक गहलोत का जन्मदिन हम साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में मनाएंगे। जिसके दौरान सात दिन तक सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला सह संयोजक डॉ लोकपाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के गांधी अशोक गहलोत के जन्मदिवस पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन रणजीत नगर स्थित पार्क में गांधी जीवन दर्शन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा पक्षियों को पानी के लिए परिंडे बांधने का कार्य,द्वितीय दिन कच्ची बस्ती मैं पाठ्यपुस्तक सामठाी वितरण, तृतीय दिन सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे गरीब बच्चों को पाठय पुस्तक सामठाी बांटने का कार्य, चतुर्थ दिन रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी के चलते आमजन को पानी बोतल,पानी पाउच बांटने का कार्य, पंचम दिन विभिन्न पार्कों में श्रमदान कर सफाई का कार्य,षष्ठम दिन रणजीत नगर स्थित मंदिर पर राहगीरों को शरवत वितरण एवं अंतिम सप्तम दिन आमजन के हित में अशोक गहलोत सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन गांधीवादी विचारको की उपस्थिति में किया जाएगा। काव्य गोष्ठी के दौरान गांधीवादी विचारकों को गांधी साहित्य देकर सम्मानित किया जाएगा।

## बस स्टैंड के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण

**करौली**। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने टोडाभीम उपखंड कार्यालय परिसर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, बजट घोषणाओं एवं फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के पश्चात उन्होंने टोडाभीम में प्रस्तावित रोडवेज बस स्टैंड के लिए चिन्हित भूमि का मौके पर निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गर्मी को देखते हुए जलदाय विभाग को पेयजल आपूर्ति सुचारू रखने के आदेश दिए।

## एटीएम कॉर्ड बदल कर खाते से करीब 49 हजार पार

■ पीएनबी के एटीएम की घटना, राशी निकालने दौरान अज्ञात दो युवक ने दिया झांसा

**नदबई** । नदबई कस्बे में रेलवे फाटक समीप पीएनबी एटीएम से नगदी निकालने दौरान दो अज्ञात युवक, रिटा. शिक्षक को चकमा देते हुए एटीएम बदल कर बैंक खाते से करीब 49 हजार पार कर ले गए। पीडित रिटा. शिक्षक की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। लेकिन, एक बार फिर पुलिस को अज्ञात बदमाशों का सुराग नहीं लग सका। सूत्रों की मानें तो बैलारा निवासी राजेन्द सिंह पुत्र हुब्बलाल, रविवार को बैंक बंद होने के चलते पीएनबी एटीएम से राशी निकालने गया। बैंक खाते से 10 हजार रुपए निकालने दौरान समीप खडे दो अज्ञात युवक ने चकमा देते हुए एटीएम कॉर्ड बदल लिया। बाद में दूसरे एटीएम पर पहुंच पीड़ित के बैंक खाते से करीब 49 हजार रुपए निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद राशी निकलने की मालुम होने पर पीड़ित रिटा. शिक्षक ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। लेकिन, अज्ञात दोनों आरोपियों का पुलिस को सुराग तक नही लगा। हालांकि, इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ।

# भरतपुर में विश्व हास्य दिवस का आयोजन

■ हंसी के साथ दिया स्वास्थ्य और खुशहाली का संदेश।

**भरतपुर** (निस)। राष्ट्रीय ओल्ड इजगोल्ड संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर जीवनलाल शर्मा की अध्यक्षता में सुबह शास्त्री पार्क भरतपुर में हास्य दिवस मनाया गया इंजीनियर जीवनलाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे विश्व में हास्य दिवस मई महीने के प्रथम रविवार को मनाया जाता है सर्वप्रथम हास्य दिवस 1998 को मुंबई में मनाया गया था इसकी शुरुआत डॉ मदन कटारिया जो नासिक स्थित लाफ्टर योगा इंटरनेशनल के संस्थापक हैं उनके द्वारा की गई थी हंसी सभी प्रकार के तनाव को काम करती है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है एवं हृदय रोग सहित सभी प्रकार के रोगों में फायदा करती है विश्व हास्य दिवस लगभग 70 देश में मनाया जाता है इस अवसर पर इंजीनियर जीवन लाल शर्मा खेमचंद सक्सेना प्रदीप कुमार शर्मा राकेश अठावाल बने सिंह धा वई ने चुटकुले सुना करके सभी को बहुत देर तक हंसाया तथा हंसी का महत्व एवं उससे होने वाले फायदे को विस्तृत रूप से बताया जीवन लाल शर्मा ने बताया कि हास्य दिवस का मुख्य उद्देश्य अपने मन को प्रसन्न रखना व वातावरण को हसनुमा अनुकूल बनाना व समाज की समरसता को सार्थक ऊर्जा प्रदान करना है तथा हास्य दिवस लोगों को बेहतर स्वास्थ्य मजबूत रिश्तो एवं शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए हंसी को एक साधन के रूप में अप नाने के लिए प्रोत्साहित करता है सभी सदस्यों ने प्रतिवर्ष हास्य दिवस मनाने की बात कही तथा पुरानी फिल्मों के गाने भी गाकर मनोरंजन किया इस अवसर पर संस्था के संभाग अध्यक्ष बने सिंह धावई महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा महामंत्री राकेश अठावाल उपाध्यक्ष राजाराम फौजदार भारत शर्मा कोषाध्यक्ष शिवदयाल गुप्ता सुंदर सिंह नवाब सिंह मेवाराम चौधरी महेंद्र फौजदार जगदीश सोलंकी महेंद्र सोनी राजकुमार सिंह राजकुमार अठावाल डॉ हरिओम शर्मा रमेश श्रीवास्तव खेमचंद सक्सेना रोशन सिंह भगवान सिंह फौजदार सहित सभी सदस्यों ने हास्य बैठक मैं भाग लिया।


भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA

हमारी जनगणना हमारा विकास

गृह मंत्रालय भारत सरकार

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

CBC 19108/13/0068/2627

टोल फ्री - 1855

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027